Seventeenth Loksabha

>

Title: The Speaker made reference on the occasion of International Yoga Day.

माननीय अध्यक्ष : माननीय सदस्यगण जैसा कि आप सभी को विदित है, आज अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस है । योग एक प्राचीन शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक अभ्यास है जिसका उद्भव स्थल भारत है । यह हमारी ओर से समस्त विश्व को दिया गया एक अमूल्य उपहार है ।

मैं आज सभी माननीय सदस्यों को बधाई देता हूं, जहां पहली बार संसद के अंदर अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर 130 से ज्यादा राज्य सभा और लोक सभा के माननीय सदस्य यहां पर आएं । 11 दिसम्बर, 2014 को संयुक्त राष्ट्र ने 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के रूप में घोषित किया । हम सब को इसलिए भी गर्व है क्योंकि संयुक्त राष्ट्र ने जो घोषणा की, उसकी पहल भारत के प्रधानमंत्री माननीय नरेन्द्र मोदी जी ने की, इसलिए हम सब को और संसद को गर्व है कि आज हमारे प्रधानमंत्री जी की पहल के माध्यम से पूरे विश्व में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया जा रहा है । आपको बहुत-बहुत शुभकामनाएं और बधाई ।